दैनिक भास्कर

सर्वोटिक पावर की सुपर डिस्ट्रीब्यूटरशीप शुरू

जयपुर | सर्वोटिक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने सुपर डिस्ट्रीब्यूटरशीप शुरू की है। प्रदेश में सोलर प्रोडक्ट वितरण नेटवर्क स्थापित करने के लिए कंपनी ने लीलमैक्स पावर सॉल्यूशन से एमओयू किया है। कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट कुलबीर सिंह ने कहा कि कंपनी सोलर प्रोडक्ट उत्पादक है। हम राजस्थान के कस्बों और गांवों में सौर प्रसार करेंगे। सुपर डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से सर्वोटिक के उत्पादों की आपूर्ति की जाएगी। आफ्टर सेल्स सर्विस में तेजी भी आएगी। लीलमैक्स के निदेशक भंवरलाल लील ने कहा कि साझेदारी से हमको बिक्री बढ़ाने में मदद मिलेगी।